जीबीयू में हुआ "फूड विदाउट फायर" प्रतियोगिता का आयोजन*

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के "शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग" में 27 अप्रैल को "फूड विदाउट फायर" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने बिना आग की सहायता से निर्मित विविध प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया जो विद्यार्थियों हेतु पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ऐसी गतिविधियों के आयोजन की बात करती है जिससे उनमें परस्पर सहयोग भावना, रचनात्मकता, उत्तरदायित्व, समानता आदि गुणों का विकास हो और वे विविधता का सम्मान करें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की डीन प्रो. बंदना पांडे उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से कार्यक्रम में ऊर्जा का संचार किया एवं कार्यक्रम के प्रतिभागी प्रशिक्षु शिक्षकों को ऐसे चरित्र निर्माण की ओर प्रेरित किया जिससे वे अपने विद्यार्थियों में एक पूर्ण मनुष्य के सभी गुणों का विकास कर सकें। मुख्य अतिथि के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में विभाग की प्रवक्ता डॉ. श्रुति कंवर, डॉ. केसर सिंह भाटी एवं डॉ. ममता कुमारी की सराहना की तथा अपने प्रेरक शब्दों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया।

निर्णायक मंडल की भूमिका में इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ. ममता राय एवं डॉ. कल्पना पासवान ने न केवल व्यंजनों का मुआयना किया बल्कि स्वाद भी लिया। टीम 4 (पुनीत, शबनम, सोनिया, पूजा, मोनिका) प्रथम , टीम 1 (आरती, नेहा, साक्षी, निशु, अभिषेक, अक्षांश) द्वितीय , तथा टीम 3 (महिमा, भावना, अंजू, शिवांगी नागर, शशि, नितेश) एवं टीम 6 (हेमंत, सुनील, सारिका, रौबी) संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। विशिष्ट अतिथि डॉ. ओमप्रकाश के वक्तव्य के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

खूब भाए बिना आग के पकाए व्यंजन

ग्रेटर नोएडा। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए व्यंजनों निर्णायकों को खूब भाए। निर्णायक मंडल में इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ. ममता राय और डॉ. कल्पना पासवान ने व्यंजनों को चखा। इसमें पुनीत, शबनम, सोनिया, पूजा, मोनिका की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। आरती, नेहा, साक्षी, निशु, अभिषेक, अक्षांश की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। महिमा, भावना, अंजू, शिवांगी नागर, शशि, नितेश की टीम और हेमंत, सुनील, सारिका, रौबी की टीम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। डीन प्रो. बंदना पांडे ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। यहां भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश, विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. श्रुति कंवर, डॉ. ममता कुमारी, डॉ. केसर सिंह भाटी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

जीबीयू में आयोजित फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बीएड के विद्यार्थी। संवाद

Cooking Without Fire Competition

Gautam Buddha University
27TH APRIL 2023
You are cordially invite to
COOKING WITHOUT FIRE
SUPERVISED BY : DR. SHRUTEE KANWAR DR. KESAR SINGH BHATI
VENUE: CURRICULUM LAB
Spices Rules :
CALL ABHISHEK
9717146685